भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *306

जिसका उत्तर 10.08.2023 को दिया जाना है

राजमार्गों पर स्ट्रीट लाइटें

*306. श्री हैबी ईडन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर स्ट्रीट लाइटों की कमी है जिन पर टोल व्यवस्था कार्यान्वित की गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्ट्रीट लाइटों से रहित ऐसे राष्ट्रीय राजमार्गों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या कितनी है जिन पर टोल व्यवस्था कार्यान्वित की गई है;

(ग) क्या कंटेनर टर्मिनल रोड, एर्णाकुलम, केरल (राष्ट्रीय राजमार्ग 966ए), कलमश्शेरि, एलूर, कदमक्कुडी, वरपुझा और चेरानल्लूर पर स्ट्रीट लाइटों की अनुपलब्धता/कमी के कारण यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा इन पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ड.) राष्ट्रीय राजमार्ग 966ए पर स्ट्रीट लाइटें कब तक लगा दी जाएंगी?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ङ) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

'राजमार्गों पर स्ट्रीट लाइटें' के संबंध में श्री हैबी ईडन द्वारा पूछे गए दिनांक 10.08.2023 के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *306 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

....

(क) और (ख) जी, नहीं। भारतीय सड़क कांग्रेस द्वारा निर्धारित मानकों, रियायत/संविदा समझौता के प्रावधानों और मंत्रालय द्वारा जारी संगत दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रीट लाइटिंग की व्यवस्था की जाती है। कुछ स्थानों पर स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा भी लाइटिंग की व्यवस्था की जाती है।

(ग) से (ङ) जी, नहीं। कलामस्सेरी केरल राज्य में रारा-966क के आईसीटीटी वल्लारपदम खंड और रारा-544 के त्रिशूर-एडापल्ली खंड के जंक्शन पर पड़ता है। संबंधित स्थानीय निकायों द्वारा स्ट्रीट लाइटें प्रदान की गई और रखरखाव किया गया था।

वरप्पुझा और चेरनल्लूर जंक्शन एचएएम मोड पर राष्ट्रीय राजमार्ग-66 के कोडुन्गल्लूर-एडापल्ली खंड के परियोजना खंड में पड़ता है। इस खंड में परियोजना कार्य प्रगति पर है और ट्रक ले बाई, बस शेल्टर, ग्रेड पृथक संरचनाओं, फ्लाईओवरों, अंडरपासों, प्रमुख/छोटे पुलों, आरओबी और निर्मित खंडों पर स्ट्रीट लाइटों का प्रावधान, रियायत करार में शामिल है।

एलोर, कदमककुडी राष्ट्रीय राजमार्ग-966ए के कलामस्सेरी से आईसीटीटी वल्लारपदम खंड तक 4 लेन संपर्कता की परियोजना खंड में आता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रारा-966ए के कुछ स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कलामस्सेरी नगरपालिका को पहले ही अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया था और रारा-966क की शेष लंबाई में स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रावधान को पहले ही अनुमोदित कर दिया गया है।

*****